क्रम-संख्या–169

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–2, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अध्यादेश)

लखनऊ, बुधवार, 13 मई, 2026

बैशाख 23, 1948 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

विधायी अनुभाग–1

———————

संख्या 130 / 79-वि-1–2026-2-क-11-2026

लखनऊ, 13 मई, 2026

———————

अधिसूचना

विविध

भारत का संविधान के अनुच्छेद 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय द्वितीय अध्यादेश, 2026 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 11 सन् 2026) जिससे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-4 प्रशासनिक रूप से सम्बन्धित है, प्रख्यापित किया गया है जो इस अधिसूचना द्वारा सर्वसाधारण की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय द्वितीय अध्यादेश, 2026

(उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 11 सन् 2026)

[भारत गणराज्य के सतहत्तरवें वर्ष में राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित]

उत्तर प्रदेश में गोरखपुर में 'उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय' के नाम से एक राज्य वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना करने और उससे सम्बंधित एवं आनुषंगिक मामलों का उपबंध करने के लिए

अध्यादेश

चूँकि राज्य विधान मण्डल सत्र में नहीं है और राज्यपाल का यह समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियाँ विद्यमान हैं जिनके कारण उन्हें तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है;

अतएव, अब, भारत का संविधान के अनुच्छेद 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल निम्नलिखित अध्यादेश प्रख्यापित करते हैं :–

अध्याय–एक

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारम्भ

1–(1) यह अध्यादेश 'उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय द्वितीय अध्यादेश, 2026 कहा जायेगा।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य के लिए होगा।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

परिभाषायें

2—जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो; इस अध्यादेश में, —

(1) 'विद्या परिषद' तथा 'कार्य परिषद' का तात्पर्य क्रमशः विश्वविद्यालय की विद्या परिषद तथा कार्य परिषद से है;

(2) 'संबद्ध महाविद्यालय' का तात्पर्य इस अध्यादेश और तद्धीन बनायी गई परिनियमावली के उपबन्धों के अनुसार विश्वविद्यालय से संबद्ध किसी महाविद्यालय से है;

(3) 'संकायाध्यक्ष' का तात्पर्य विषय/संकाय प्रमुख से है, जो संकाय बोर्ड का अध्यक्ष भी हो;

(4) 'छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष' का तात्पर्य छात्र कल्याण, परामर्श और छात्र नियोजन संकायाध्यक्ष से है;

(5) 'निदेशक' का तात्पर्य शिक्षा निदेशक और अनुसंधान एवं विस्तार निदेशक से है;

(6) 'संकाय' का तात्पर्य विश्वविद्यालय के शिक्षण संकाय से है;

(7) 'वानिकी' का तात्पर्य और इसमें सम्मिलित वन संवर्धन, पादप प्रजनन, कृषि वानिकी, जैव मण्डल की पारिस्थितिकी का संरक्षण, वन्य जीव, रेशम कीट पालन, औषधीय एवं सुगन्धित पौधे तथा उनके उत्पादों से संबंधित मूल और अनुप्रयुक्त विज्ञान से है;

(8) 'राज्यपाल' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश का राज्यपाल से है;

(9) विश्वविद्यालय के 'हॉल' का तात्पर्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित या मान्यता प्राप्त छात्रों के लिए एक ऐसी इकाई से है, जिसमें शिक्षकीय एवं अन्य अनुपूरक अनुदेश प्रदान करने के लिए उपबन्ध किया जाता है;

(10) 'औद्यानिकी' का तात्पर्य फलों, सब्जियों, पुष्प कृषि, बागान फसलों, मसालों, हॉप्स के मूल और अनुप्रयुक्त विज्ञान से है और इसमें मशरूम की खेती, भू-दृश्यांकन, मधुमक्खी पालन, बागवानी उत्पादों का विपणन और प्रसंस्करण सम्मिलित होगा;

(11) विश्वविद्यालय के 'छात्रावास' का तात्पर्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित या मान्यता प्राप्त छात्रों के लिए एक ऐसी आवास इकाई से है, जो हॉल से भिन्न हो;

(12) 'संस्थान' का तात्पर्य विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किसी संस्थान से है;

(13) नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों के वही अर्थ होंगे जैसा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 में निर्दिष्ट है;

(14) 'वेतनमान' का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में अपनाये गये वेतनमान से है;

(15) 'विहित' का तात्पर्य है, परिनियमावली द्वारा विहित से है;

(16) 'राज्य सरकार' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से है;

(17) 'परिनियमावली', 'अध्यादेश' और 'विनियमावली' का तात्पर्य क्रमशः विश्वविद्यालय की परिनियमावली अध्यादेश और विनियमावली से है;

(18) 'विश्वविद्यालय के शिक्षक' का तात्पर्य आचार्य, सह आचार्य, सहायक प्रोफेसर और ऐसे अन्य व्यक्तियों से है जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में या विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे किसी संस्थान में या किसी घटक, संबद्ध या सहबद्ध महाविद्यालय में शिक्षा देने तथा मार्गदर्शन करने या अनुसंधान करने के लिए नियुक्त किया जाए और इसमें प्राचार्य भी सम्मिलित हैं;

(19) 'विश्वविद्यालय' का तात्पर्य धारा 3 के अधीन इस अध्यादेश के प्रारम्भ होने के पश्चात स्थापित विश्वविद्यालय से है;

(20) 'यूजीसी' का तात्पर्य 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' से है।

अध्याय–दो

विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय का निगमितीकरण

3–(1) कुलाधिपति, कुलपति तथा कार्य परिषद और विद्या परिषद के सदस्य, जो विश्वविद्यालय में इस रूप में वर्तमान में पद धारण कर रहे हैं, मिलकर 'उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय' के नाम से एक निगमित निकाय का गठन करेंगे।

(2) विश्वविद्यालय का शाश्वत उत्तराधिकार होगा और उसकी एक सामान्य मुहर होगी तथा उक्त नाम से ही वह वाद प्रस्तुत करेगा और उसके विरुद्ध वाद प्रस्तुत किया जायेगा।

विश्वविद्यालय समस्त वर्गों एवं पंथों के लिए होगा

4–(1) विश्वविद्यालय सभी व्यक्तियों के लिए खुला होगा, चाहे उनकी जाति या धर्म या लिंग कुछ भी हो, किन्तु इस धारा की कोई बात विश्वविद्यालय को किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में अध्यादेशों या परिनियम या विनियम द्वारा निर्धारित संख्या से अधिक संख्या में छात्रों को प्रवेश देने के लिए बाध्य नहीं समझी जाएगी:

परन्तु यह कि इस धारा की कोई बात विश्वविद्यालय को अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग के नागरिकों के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए विशेष उपबन्ध करने से रोकने वाली नहीं समझी जाएगी।

(2) विश्वविद्यालय के डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों के संबंध में शिक्षण और अनुसंधान परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों के अनुसार आयोजित किया जाएगा।

(3) पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या और ऐसे पाठ्यक्रमों और पाठ्यचर्या के शिक्षण के आयोजन के लिए जिम्मेदार अधिकारी अध्यादेशों या परिनियमों या विनियमों के अनुसार होंगे।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य

5–विश्वविद्यालय के उद्देश्य होंगे –

(क) संगठित एवं गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित करना तथा वानिकी, औद्यानिकी एवं अन्य संबंधित विषयों में ज्ञान का प्रसार एवं उन्नयन करना;

(ख) वानिकी, औद्यानिकी और अन्य सम्बंधित विषयों में अनुसंधान और विकास को सुविधाजनक बनाना;

(ग) वानिकी, औद्यानिकी और सम्बंधित विषयों के क्षेत्र में राज्य के विभिन्न जैव–भौगोलिक क्षेत्रों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न मॉड्यूल विकसित करना;

(घ) विभिन्न शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रमों के माध्यम से वन और पौधों की जैव-विविधता का संरक्षण और सतत् उपयोग सुनिश्चित करना;

(ङ) वानिकी, औद्यानिकी और संबंधित विषयों के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं की योजना और मूल्यांकन के लिए उद्यमिता विकसित करना और परामर्श सेवाएं प्रदान करना।

विश्वविद्यालय की शक्तियां और कृत्य कर्तव्य

6–विश्वविद्यालय के पास निम्नलिखित शक्तियां और कर्तव्य होंगे, अर्थात: –

(एक) वानिकी और औद्यानिकी की शाखाओं में शिक्षा प्रदान करने में 'उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में कार्य करना और उन शाखाओं में अनुसंधान और ज्ञान की उन्नति और प्रसार के लिए प्रावधान करना और उनकी मान्यता का प्रबंधन करना;

(दो) किसी महाविद्यालय को मान्यता या सम्बद्धता के विशेषाधिकार प्रदान करना, ऐसे किसी विशेषाधिकार को वापस लेना या उसमें कटौती करना तथा सम्बद्ध एवं सहबद्ध महाविद्यालयों के कार्य का मार्गदर्शन और नियंत्रण करना।

(तीन) डिग्री, डिप्लोमा और अन्य शैक्षणिक उपाधियाँ प्रदान करना,

(चार) ऐसे व्यक्तियों के लिए परीक्षा आयोजित करना, तथा उन्हें डिग्री, डिप्लोमा और अन्य शैक्षणिक उपाधियाँ प्रदान करना, जो–

(क) विश्वविद्यालय में अध्ययन का कोई पाठ्यक्रम पूरा किया हो;

(ख) विश्वविद्यालय में या विश्वविद्यालय द्वारा इस निमित्त मान्यता प्राप्त किसी संस्था में या स्वतंत्र रूप से, परिनियमों और अध्यादेशों में अधिकथित शर्तों के अधीन अनुसंधान किया हो; या

(ग) चाहे विश्वविद्यालय के क्षेत्र में रहते हों या नहीं, पत्राचार द्वारा अध्ययन का कोई पाठ्यक्रम पूरा किया हो और विश्वविद्यालय द्वारा, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो परिनियमों और अध्यादेशों में बाह्य अभ्यर्थी के रूप में निर्धारित की जाएं, पंजीकृत किया गया हो; या

(घ) विश्वविद्यालय या किसी अन्य शैक्षणिक संस्था में, परिनियमों और अध्यादेशों में अधिकथित शर्तों के अधीन शिक्षक या अन्य कर्मचारी हैं या राज्य सरकार के शिक्षा विभाग में स्थायी रूप से नियोजित निरीक्षण अधिकारी हैं और परिनियमों और अध्यादेशों में अधिकथित शर्तों के अधीन निजी अध्ययन कर रहे हैं;

(पांच) वानिकी और औद्यानिकी में विज्ञान स्नातक, वानिकी और औद्यानिकी में विज्ञान स्नातकोत्तर, वानिकी और औद्यानिकी में डिप्लोमा, वानिकी और औद्यानिकी विषयों में डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करने के लिए परीक्षा आयोजित करना, जो विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र हैं।

(छः) संविधि में निर्धारित तरीके और शर्तों के अधीन मानद उपाधियाँ या अन्य शैक्षणिक विशिष्टताएँ प्रदान करना।

(सात) विश्वविद्यालय के छात्र न होने वाले व्यक्तियों के लिए ऐसे व्याख्यान और निर्देश प्रदान करना जैसा कि विश्वविद्यालय निर्धारित करे।

(आठ) अन्य विश्वविद्यालयों और प्राधिकरणों के साथ ऐसे तरीके से और ऐसे उद्देश्यों के लिए सहयोग या सहकार्य करना जैसा कि विश्वविद्यालय निर्धारित करे।

(नौ) छात्रवृत्ति, फेलोशिप, वजीफा, पदक, पुरस्कार स्थापित करना और प्रदान करना तथा अन्य छात्र कल्याण गतिविधियाँ चलाना।

(दस) किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रयोजनों के लिए किसी अन्य विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त किसी डिग्री को अपनी डिग्री के समतुल्य या हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट परीक्षा या किसी अन्य विश्वविद्यालय या प्राधिकरण द्वारा आयोजित किसी समतुल्य परीक्षा के समतुल्य मान्यता देना;

(ग्यारह) अनुसंधान संस्थानों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों तथा विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक अन्य चीजों की स्थापना, रखरखाव तथा प्रशासन करना;

(बारह) विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित शिक्षण, प्रशासनिक, लिपिकीय, तकनीकी, गैर-शिक्षण तथा अन्य आवश्यक पदों का सृजन करना तथा उन पर नियुक्तियां करना;

(तेरह) महाविद्यालयों की संबद्धता या मान्यता की शर्तें निर्धारित करना तथा आवधिक निरीक्षण द्वारा और अन्यथा स्वयं को संतुष्ट करना कि वे शर्तें पूरी होती हैं;

(चौदह) विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए हॉल और छात्रावास स्थापित करना और उनका रखरखाव करना तथा निवास स्थानों को मान्यता देना;

(पंद्रह) अध्यादेशों या परिनियमों या विनियमों द्वारा निर्धारित फीस और अन्य प्रभारों की मांग करना और प्राप्त करना;

(सोलह) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के आवास का पर्यवेक्षण और नियंत्रण करना तथा उनके अनुशासन को विनियमित करना तथा उनके स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्था करना;

(सत्रह) ऐसी सभी गतिविधियाँ और ऐसे कार्य करना, चाहे वे पूर्वोक्त शक्तियों के आनुषंगिक हों या नहीं, जो विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपेक्षित हों।

(अट्ठारह) किसानों, वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों को वानिकी, औद्यानिकी, कृषि वानिकी और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य उन्नत कौशल के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करना।

अध्याय–तीन
निरीक्षण और जाँच

परिदर्शन और जांच

7–(1) राज्य सरकार की यह शक्ति होगी कि वह विश्वविद्यालय का, जिसके अंतर्गत उसके भवन, प्रयोगशालाएं कार्यशालाए और उपस्कर भी है तथा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय/सहबद्ध महाविद्यालय या किए जाने वाले परीक्षाओं, अध्यापन और अन्य सभी कार्यों का, ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों, द्वारा जैसा वह निर्देश दे, निरीक्षण कराए या विश्वविद्यालय के प्रशासन और वित्त से संबंधित किसी मामले के सम्बन्ध में उसी प्रकार जाँच कराए।

(2) जहां राज्य सरकार उपधारा (1) के अधीन निरीक्षण या जांच कराने का विनिश्चय करती है, वहां वह कुलसचिव के माध्यम से विश्वविद्यालय को इसकी सूचना देगी और कार्य परिषद द्वारा नामनिर्देशित कोई व्यक्ति ऐसे निरीक्षण या जांच के समय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हो सकेगा और उसे इस रूप में सुनवाई का अधिकार होगाः

परन्तु यह कि कोई भी विधि व्यवसायी ऐसे निरीक्षण या जांच में विश्वविद्यालय की ओर से उपस्थित नहीं होगा, बहस नहीं करेगा या कार्य नहीं करेगा।

(3) राज्य सरकार ऐसे निरीक्षण या जांच के परिणाम के संदर्भ में कुलपति को संबोधित करेगी और कुलपति राज्य सरकार के विचारों को कार्य परिषद को ऐसी सलाह के साथ सूचित करेगा जो राज्य सरकार उस पर की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में दे।

(4) कुलपति, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समय के भीतर, कार्य परिषद द्वारा की गई या की जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई की रिपोर्ट उसे प्रस्तुत करेगा।

(5) यदि विश्वविद्यालय प्राधिकारी उचित समय के भीतर राज्य सरकार के समाधानप्रद रूप में कार्रवाई नहीं करते हैं, तो सरकार विश्वविद्यालय प्राधिकारियों द्वारा दिए गए किसी स्पष्टीकरण पर विचार करने के पश्चात् ऐसे निर्देश जारी कर सकेगी, जो वह ठीक समझे, और विश्वविद्यालय प्राधिकारी ऐसे निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे।

(6) राज्य सरकार उपधारा (1) के अधीन किए गए निरीक्षण या जांच की प्रत्येक रिपोर्ट की प्रति तथा उपधारा (4) के अधीन कुलपति से प्राप्त प्रत्येक संसूचना की प्रति तथा उपधारा (5) के अधीन जारी किए गए प्रत्येक निदेश की प्रति तथा ऐसे निदेशों के अनुपालन या गैर-अनुपालन के संबंध में प्राप्त प्रत्येक रिपोर्ट या सूचना की प्रति कुलाधिपति को भेजेगी।

(7) इस धारा के पूर्वगामी प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, कुलाधिपति, लिखित आदेश द्वारा, विश्वविद्यालय की किसी भी कार्यवाही को रद्द कर सकते हैं जो इस अध्यादेश, या परिनियमों या अध्यादेशों के अनुरूप नहीं हैः

परन्तु यह कि ऐसा आदेश के पूर्व कुलाधिपति विश्वविद्यालय से यह कारण बताने की अपेक्षा करेंगे कि ऐसा आदेश क्यों न दिया जाये और बताये गये कारण पर यदि कोई हो, स्वयं द्वारा विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर विचार करेंगे।

अध्याय–चार
विश्वविद्यालय के अधिकारी

विश्वविद्यालय के अधिकारी

8–विश्वविद्यालय के अधिकारी निम्नलिखित होंगे: –

(क) कुलाधिपति;
(ख) कुलपति;
(ग) प्रतिकुलपति;
(घ) निदेशक, शिक्षा;
(ङ) निदेशक, अनुसंधान एवं विस्तार;
(च) कुलसचिव;
(छ) वित्त नियंत्रक;
(ज) परीक्षा नियंत्रक;
(झ) छात्र कल्याण; संकायाध्यक्ष
(ट) संकायाध्यक्ष;
(ठ) सम्पदा अधिकारी;
(ड) ऐसे अन्य अधिकारी, जिन्हें परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारी घोषित किया जाए।

कुलाधिपति

9–(1) राज्यपाल विश्वविद्यालय का कुलाधिपति होगा। अपने पद के आधार पर वह विश्वविद्यालय का प्रमुख होगा और उपस्थित होने पर विश्वविद्यालय के किसी भी दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा।

(2) मानद उपाधि प्रदान करने का प्रत्येक प्रस्ताव कुलाधिपति की पुष्टि के अधीन होगा।

(3) कुलपति का यह कर्तव्य होगा कि वह विश्वविद्यालय के कार्यों के प्रशासन से सम्बंधित ऐसी जानकारी या अभिलेख उपलब्ध कराए, जो कुलाधिपति मांगे।

(4) कुलाधिपति को ऐसी अन्य शक्तियां प्राप्त होंगी, जो उसे इस अध्यादेश या परिनियमों द्वारा प्रदान की जाएं।

कुलपति

10–(1) कुलपति विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा और उसकी नियुक्ति कुलाधिपति द्वारा उपधारा (3) के उपबंधों के अनुसार गठित खोज–सह–चयन समिति द्वारा उसे अनुशंसित नामों के पैनल में से की जाएगी।

(2) (क) कुलपति का चयन निम्नलिखित में से किया जाएगा:

(एक) भारतीय वन सेवा के अधिकारी जिन्होंने न्यूनतम 25 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो तथा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक या उससे ऊपर के वेतनमान में कार्य किया हो या कर रहे हों तथा जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो; या

(दो) भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जिन्होंने न्यूनतम 25 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो तथा प्रमुख सचिव या उससे ऊपर के वेतनमान में कार्य किया हो या कर रहे हों तथा जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो; या

(तीन) प्रतिष्ठित शिक्षाविद् या वैज्ञानिक जिनके पास वानिकी या बागवानी के क्षेत्र में डॉक्टरेट की डिग्री है, साथ ही राज्य या केंद्रीय विश्वविद्यालयों या अन्य समान संस्थानों के अनुसंधान या विस्तार प्रणाली से प्रोफेसर या समकक्ष पद पर शिक्षण और अनुसंधान में न्यूनतम 10 वर्षों का सेवा अनुभव है, और जिन्होंने 65 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है:

परंतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन किया जाए।

(ख) कुलपति, अपने पदभार ग्रहण की तारीख से तीन वर्ष की अवधि तक या अड़सठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद धारण करेगा;

(ग) कुलपति, जिसने 65 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है, को दूसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जा सकेगाः

परन्तु यह कि कुलपति, कुलाधिपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा और कुलाधिपति द्वारा ऐसे त्यागपत्र को स्वीकार कर लेने पर वह अपना पद धारण नहीं करेगा।

(3) कुलपति की नियुक्ति कुलाधिपति द्वारा खोज एवं चयन समिति की सिफारिश पर की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगेः–

(क) मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार;

(ख) कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार;

(ग) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, वन एवं वन्य जीव विभाग;

(घ) उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग;

(ङ) दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञ, वानिकी और औद्यानिकी के क्षेत्र से एक–एक, जो डीन के पद से नीचे न हों, या तो राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों या राज्य सरकार के अनुसंधान संस्थानों में सेवारत हों या सेवानिवृत्त हों, जिन्हें कुलाधिपति द्वारा नामित किया जाएगा।

(4) समिति, जहां तक संभव हो, उस तारीख से कम से कम साठ दिन पहले, जिसको उपधारा 2 के खण्ड (ख) और (ग) के अधीन पदावधि की समाप्ति या त्यागपत्र के कारण कुलपति के पद में रिक्त होनी है, तथा जब भी अपेक्षित हो और कुलाधिपति द्वारा निर्दिष्ट तारीख से पहले, कुलपति का पद धारण करने के लिए कम से कम तीन और अधिक से अधिक पांच योग्य व्यक्तियों के नाम कुलाधिपति को भेजेगी। समिति, नाम प्रस्तुत करते समय, कुलाधिपति को इस प्रकार अनुशंसित प्रत्येक व्यक्ति की शैक्षणिक योग्यता दर्शाने वाला संक्षिप्त विवरण भी भेजेगी, किन्तु वरीयता क्रम नहीं दर्शाएगी।

(5) जहां कुलाधिपति समिति द्वारा अनुशंसित किसी एक या अधिक व्यक्तियों को कुलपति के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं समझता है या यदि अनुशंसित व्यक्तियों में से एक या अधिक नियुक्ति के लिए उपलब्ध हैं या नहीं हैं और कुलाधिपति की पसंद तीन से कम व्यक्तियों तक सीमित है, तो वह समिति से उपधारा (4) के अनुसार नए नामों की सूची प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है।

(6) इस अध्यादेश के उपबंधों के अधीन रहते हुए, कुलपति की उपलब्धियां और सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी जो राज्य सरकार द्वारा उस निमित्त साधारण या विशेष आदेश द्वारा अवधारित की जाएं।

(7) कुलपति का पद अस्थायी रूप से रिक्त होने की स्थिति में या उनकी अनुपस्थिति में या किसी अन्य कारण से, शिक्षा निदेशक या अनुसंधान और विस्तार निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, कुलाधिपति के अनुमोदन से कुलपति के कर्तव्यों का पालन कर सकते हैं, लेकिन उनकी अवधि छह महीने से अधिक नहीं होगी:

परन्तु यह कि कुलाधिपति समय–समय पर इस उपधारा के अधीन कुलपति के पद पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति की अवधि को बढ़ा सकेगा, तथापि ऐसी नियुक्ति की कुल अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(8) जब तक उपधारा (1) या उपधारा (9) के अधीन नियुक्त कुलपति पदभार ग्रहण नहीं कर लेता है, तब तक प्रतिकुलपति, यदि कोई हो, या जहां प्रतिकुलपति नहीं है, वहां विश्वविद्यालय का वरिष्ठतम आचार्य कुलपति के कर्तव्यों का भी निर्वहन करेगा।

(9) यदि कुलाधिपति की राय में कुलपति जानबूझकर इस अध्यादेश के उपबंधों का पालन करने से इंकार करता है या उसे निहित शक्तियों का दुरुपयोग करता है या यदि कुलाधिपति को अन्यथा ऐसा प्रतीत होता है कि कुलपति का पद पर बने रहना विश्वविद्यालय के हितों के लिए हानिकारक है तो कुलाधिपति ऐसी जांच करने के पश्चात, जिसे वह उचित समझे, आदेश द्वारा कुलपति को हटा सकेगा।

(10) उपधारा (11) में निर्दिष्ट किसी जांच के लंबित रहने के दौरान या उसके विचाराधीन रहने पर, कुलाधिपति आदेश दे सकेगा कि अगले आदेश तक;

(क) ऐसा कुलपति कुलपति के पद के कृत्यों का पालन करने से विरत रहेगा, किन्तु वह वे उपलब्धियां प्राप्त करता रहेगा, जिनका वह उपधारा (6) के अधीन अन्यथा हकदार था।

(ख) कुलपति के कार्यालय के कार्य आदेशों में विनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा निष्पादित किए जाएंगे।

कुलपति की शक्तियां और कर्तव्य

11-(1) कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यकारी और शैक्षणिक अधिकारी होगा और:–

(क) विश्वविद्यालय के मामलों के उचित प्रशासन और शिक्षण, अनुसंधान और शिक्षा के घनिष्ठ समन्वय और एकीकरण के लिए जिम्मेदार होगा;

(ख) विश्वविद्यालय के कार्यों पर सामान्य पर्यवेक्षण और नियंत्रण रखेगा, जिसमें विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालय और उसके द्वारा चलाए जाने वाले संस्थान तथा उसके संबद्ध और सहबद्ध महाविद्यालय भी हैं;

(ग) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों के निर्णयों को प्रभावी करेगा;

(घ) कुलाधिपति की अनुपस्थिति में बैठकों तथा विश्वविद्यालय के किसी दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा;

(ङ) विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा;

(च) विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को उचित समय पर आयोजित करने और संचालित करने के लिए जिम्मेदार होगा तथा यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र प्रकाशित किए जाएं तथा विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र उचित तिथियों पर शुरू और समाप्त हो।

(2) कुलपति कार्य परिषद, विद्या परिषद और वित्त समिति का पदेन सदस्य और अध्यक्ष होगा।

(3) कुलपति को विश्वविद्यालय के किसी अन्य प्राधिकरण या निकाय की बैठकों में बोलने और अन्यथा भाग लेने का अधिकार होगा, किन्तु इस उपधारा के आधार पर वह मत देने का हकदार नहीं होगा।

(4) कुलपति का यह कर्तव्य होगा कि वह इस अध्यादेश, परिनियमों और अध्यादेशों के उपबंधों का निष्ठापूर्वक पालन सुनिश्चित करे, तथा धारा 9 और 58 के अधीन कुलाधिपति की शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उसके पास ऐसी सभी शक्तियां होंगी, जो उस निमित्त आवश्यक हों।

(5) कुलपति को कार्य परिषद, विद्या परिषद और वित्त समिति की बैठकें बुलाने या बुलाए जाने की शक्ति होगी:

परन्तु यह कि वह यह शक्ति विश्वविद्यालय के किसी अन्य अधिकारी को सौंप सकेगा।

(6) जहां नियुक्ति से भिन्न कोई अन्य मामला अत्यावश्यक प्रकृति का हो और उस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता हो और उसे विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या प्राधिकरण या अन्य निकाय द्वारा, जो इस अध्यादेश द्वारा या उसके अधीन उस पर कार्रवाई करने के लिए सशक्त हो, तत्काल नहीं निपटाया जा सकता हो, वहां कुलपति ऐसी कार्रवाई कर सकेगा, जैसी वह ठीक समझे और अपने द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तुरन्त कुलाधिपति को तथा उस अधिकारी, प्राधिकरण या अन्य निकाय को भी देगा, जो सामान्य अनुक्रम में उस मामले पर कार्रवाई करताः

परन्तु यह कि कुलपति द्वारा कुलाधिपति के पूर्व अनुमोदन के बिना कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, यदि उसमें परिनियमों या अध्यादेशों के उपबंधों से विचलन अंतर्वलित होगाः

परन्तु यह और कि यदि अधिकारी, प्राधिकरण या अन्य निकाय की यह राय है कि ऐसी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए थी, तो वह मामले को कुलाधिपति को भेज सकता है, जो कुलपति द्वारा की गई कार्रवाई की पुष्टि कर सकता है या उसे रद्द कर सकता है या उसे ऐसी रीति से संशोधित कर सकता है, जैसा वह ठीक समझे और इसके बाद वह प्रभावी नहीं रहेगी या, जैसा भी मामला हो, संशोधित रूप में प्रभावी होगी, तथापि, ऐसे रद्दीकरण या उपान्तरण से कुलपति द्वारा या उसके आदेशों के अधीन पहले की गई किसी बात की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगाः

परन्तु यह भी कि विश्वविद्यालय की सेवा में कोई भी व्यक्ति, जो इस उपधारा के अधीन कुलपति द्वारा की गई कार्रवाई से व्यथित है, उसे ऐसी कार्रवाई पर निर्णय करने के दिनांक से तीन महीने के भीतर कार्य परिषद में ऐसी कार्रवाई के विरुद्ध अपील करने का अधिकार होगा और तत्पश्चात् कार्य परिषद कुलपति द्वारा की गई कार्रवाई की पुष्टि, उपान्तरण या उलट सकती है।

(7) उपधारा (6) की कोई बात कुलपति को ऐसा कोई व्यय करने के लिए सशक्त करने वाली नहीं समझी जाएगी जो बजट में सम्यक् रूप से प्राधिकृत और उपबंधित न हो।

(8) जहां उपधारा (6) के अधीन कुलपति द्वारा शक्ति के प्रयोग में विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या शिक्षक की नियुक्ति अंतर्वलित है, वहां ऐसी नियुक्ति विहित रीति से नियुक्ति किए जाने पर या कुलपति के आदेश के दिनांक से छह मास की अवधि की समाप्ति पर, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी।

(9) कुलपति ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा, जो परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा विहित की जाएं।

(10) (क) विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी अंतिम प्राधिकारी कुलपति होगा। इस संबंध में कुलपति के निर्देशों का पालन विभागाध्यक्षों और छात्रावासों द्वारा किया जाएगा।

(ख) खण्ड (क) में किसी बात के होते हुए भी, कुलपति की रिपोर्ट पर किसी छात्र को परीक्षा से वंचित करने या विश्वविद्यालय से निष्कासित करने की सजा पर कार्य परिषद द्वारा विचार किया जाएगा और लगाया जाएगाः

परन्तु यह कि संबंधित छात्र को सुनवाई का अवसर दिए बिना ऐसी कोई सजा नहीं दी जाएगी।

(11)–(क) कुलपति, यदि आवश्यक समझें, तो कार्य परिषद के अनुमोदन से विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम प्रोफेसरों में से अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिए एक प्रति–कुलपति की नियुक्ति कर सकते हैं।

(ख) उपधारा (1) के अधीन नियुक्त प्रतिकुलपति, प्रोफेसर के रूप में अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(ग) प्रतिकुलपति, कुलपति की इच्छानुसार पद धारण करेगा।

(घ) प्रतिकुलपति, कुलपति को ऐसे विषयों के संबंध में सहायता करेगा, जो कुलपति द्वारा इस संबंध में समय–समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएं और कुलपति की अनुपस्थिति में विश्वविद्यालय की बैठकों की अध्यक्षता करेगा तथा ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा, जो कुलपति द्वारा उसे सौंपे जाएं या प्रत्यायोजित किए जाएं।

(ङ) प्रतिकुलपति को ऐसी अन्य शक्तियां प्राप्त होंगी जो उसे इस अध्यादेश या परिनियमों द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त की जाएं।

कुलसचिव

12–(1) कुलसचिव विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा और उसे राज्य सरकार द्वारा ऐसे निबंधनों और शर्तों पर नियुक्त किया जाएगा, जो विहित की जाएं।

(2) कुलसचिव को विश्वविद्यालय की ओर से अभिलेख प्रमाणित करने का अधिकार होगा।

(3) कुलसचिव विश्वविद्यालय के अभिलेखों और सामान्य मुद्रा की उचित अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। वह कार्य परिषद, विद्या परिषद तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रत्येक चयन समिति का पदेन सचिव होगा तथा प्राधिकारियों के समक्ष ऐसी सभी जानकारी रखने के लिए बाध्य होगा जो उनके कार्य संचालन के लिए आवश्यक हो। वह ऐसे अन्य कर्तव्यों का भी पालन करेगा जो परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा विहित किए जा सकते हैं या कार्य परिषद या कुलपति द्वारा समय–समय पर अपेक्षित किए जा सकते हैं, लेकिन वह इस उपधारा के आधार पर मत देने का हकदार नहीं होगा।

(4) कुलसचिव को विश्वविद्यालय में किसी प्रकार के कार्य के लिए न तो कोई पारिश्रमिक दिया जायेगा और न ही वह उसे स्वीकार करेगा सिवाय इसके कि राज्य सरकार के आदेश द्वारा इस हेतु प्रावधान किया गया हो।

(5) उप रजिस्ट्रार और सहायक रजिस्ट्रार को सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध, नियमों के तहत विहित शर्तों पर रजिस्ट्रार की सहायता के लिए नियुक्त किया जा सकेगा।

वित्त नियन्त्रक

13–(1) विश्वविद्यालय के लिए एक वित्त नियंत्रक होगा, जिसे राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा नियुक्त किया जाएगा और उसका पारिश्रमिक और भत्ते विश्वविद्यालय द्वारा दिए जाएंगे।

(2) वित्त नियंत्रक कार्य परिषद के समक्ष बजट (वार्षिक अनुमान) और लेखा विवरण प्रस्तुत करने तथा विश्वविद्यालय की ओर से निधियां निकालने और वितरित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा।

(3) वित्त नियंत्रक को कार्य परिषद की कार्यवाही में बोलने तथा अन्यथा भाग लेने का अधिकार होगा, किन्तु वह वोट देने का हकदार नहीं होगा।

(4) वित्त अधिकारियों का यह कर्तव्य होगा–

(क) यह सुनिश्चित करना कि विश्वविद्यालय द्वारा बजट में प्राधिकृत के अलावा कोई व्यय नहीं किया जाए;

(ख) किसी प्रस्तावित व्यय को अस्वीकृत करना जो इस अध्यादेश के उपबंधों या किसी परिनियम की शर्तों का उल्लंघन करता हो;

(ग) यह सुनिश्चित करना कि कोई अन्य वित्तीय अनियमितता न हो तथा लेखापरीक्षा के दौरान बताई गई किसी भी अनियमितता को ठीक करने के लिए कदम उठाना;

(घ) यह सुनिश्चित करना कि विश्वविद्यालय की संपत्ति और निवेश का समुचित संरक्षण और प्रबंधन किया जाए।

(5) वित्त नियंत्रक की पहुंच विश्वविद्यालय के ऐसे अभिलेखों और दस्तावेजों तक होगी तथा वह उन्हें प्रस्तुत करने की मांग कर सकेगा तथा उसके कार्यों से संबंधित ऐसी जानकारी प्रस्तुत करने की मांग कर सकेगा जो उसकी राय में कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हो।

(6) सभी अनुबंध विश्वविद्यालय की ओर से वित्त नियंत्रक द्वारा किए जाएंगे तथा हस्ताक्षरित किए जाएंगे।

(7) वित्त नियंत्रक की अन्य शक्तियां और कार्य ऐसे होंगे, जैसा विहित किया जाए।

(8) एक लेखा अधिकारी को सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध, परिनियमों के अधीन विहित शर्तों पर वित्त नियंत्रक की सहायता के लिए नियुक्त किया जा सकेगा।

परीक्षा नियंत्रक

14–(1) विश्वविद्यालय के लिए एक परीक्षा नियंत्रक होगा, जो विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा।

(2) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी तथा उसका पारिश्रमिक एवं भत्ता विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा।

(3) परीक्षा नियंत्रक अपने कार्य से संबंधित अभिलेखों की उचित अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। वह विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति का पदेन सचिव होगा तथा ऐसी समिति के समक्ष ऐसी सभी जानकारी रखने के लिए उत्तरदायी होगा जो उसके कार्य संचालन के लिए आवश्यक हो। वह ऐसे अन्य कर्तव्यों का भी पालन करेगा जो परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा विहित किए जा सकते हैं या समय–समय पर कार्य परिषद या कुलपति द्वारा अपेक्षित किए जा सकते हैं, लेकिन वह इस उपधारा के आधार पर मत देने का हकदार नहीं होगा।

(4) परीक्षा नियंत्रक का अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण होगा तथा इस संबंध में उसे रजिस्ट्रार की समस्त शक्तियां प्राप्त होंगी।

(5) परीक्षा समिति के अधीक्षण के अधीन रहते हुए, परीक्षा नियंत्रक परीक्षाओं का संचालन करेगा तथा उनसे संबंधित सभी व्यवस्थाएं करेगा तथा उनसे संबंधित सभी प्रक्रियाओं के सम्यक् निष्पादन के लिए उत्तरदायी होगा।

(6) परीक्षा नियंत्रक को विश्वविद्यालय में किसी कार्य के लिए न तो कोई पारिश्रमिक दिया जायेगा और न ही वह उसे स्वीकार करेगा सिवाय इसके कि राज्य सरकार के आदेश द्वारा इस हेतु प्रावधान किया जाय।

(7) जब परीक्षा नियंत्रक किसी कारणवश कार्य करने में असमर्थ हो या परीक्षा नियंत्रक का पद रिक्त हो, तब उस पद के सभी कर्तव्यों का पालन कुलपति द्वारा नियुक्त ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा, जब तक कि परीक्षा नियंत्रक अपना कार्यभार नहीं संभाल लेता या, यथास्थिति, रिक्ति नहीं भर दी जाती।

(8) अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक और उप परीक्षा नियंत्रक को सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध परिनियमों के तहत विहित शर्तों पर परीक्षा नियंत्रक की सहायता करने के लिए नियुक्त किया जा सकेगा।

डीन/ संकायाध्यक्ष

15–(1) डीन/ संकायाध्यक्ष की नियुक्ति विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से ऐसी रीति से की जाएगी, जैसी विहित की जाए।

(2) डीन विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अन्य मामलों के प्रबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति की सहायता करेंगे तथा ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे तथा ऐसे कृत्यों का पालन करेंगे जो कुलपति द्वारा विहित किए जाएं या उन्हें सौंपे जाएं।

(3) प्रत्येक संकाय के लिए एक डीन होगा, जो संकाय का वरिष्ठतम प्रोफेसर होगा और निर्धारित अवधि के लिए पद पर रहेगा।

(4) डीन, छात्र कल्याण-(एक) छात्रों की सलाह और परामर्श के कार्यक्रम की योजना बनाएंगे और उसका निर्देशन करेंगे और विश्वविद्यालय के स्नातकों की नियुक्ति में सहायता करने और विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए संभावित नियोक्ताओं और रोजगार एजेंसियों का सहयोग प्राप्त करेंगे;

(दो) छात्रों की पाठ्येतर गतिविधियों जैसे खेल, सांस्कृतिक और अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ, एनसीसी, एनएसएस और संचार कौशल सुधार और अन्य संबद्ध गतिविधियों की योजना बनाएंगे और उनका आयोजन करेंगे;

(तीन) छात्रों के छात्रावास, कैफेटेरिया और मेस की व्यवस्था और प्रबंधन की निगरानी करेंगे;

(चार) विश्वविद्यालय में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य कल्याणकारी उपायों की निगरानी और नियंत्रण करेंगे।

संपदा अधिकारी

16–विश्वविद्यालय के लिए एक संपदा अधिकारी होगा, जिसे राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा नियुक्त किया जाएगा और उसका पारिश्रमिक और भत्ते विश्वविद्यालय द्वारा दिए जाएंगे। संपदा अधिकारी विश्वविद्यालय की सभी इमारतों, सड़कों, खेल के मैदानों, लॉन, उद्यानों और अन्य संपत्तियों की हिरासत, रखरखाव और प्रबंधन, विश्वविद्यालय की अचल और चल संपत्ति की खरीद और निपटान और निर्धारित अन्य जिम्मेदारियां के लिए भी उत्तरदायी होगा।

निदेशक, शिक्षा तथा निदेशक अनुसंधान एवं विस्तार

17–(1) निदेशक, शिक्षा तथा निदेशक अनुसंधान एवं विस्तार की नियुक्ति विश्वविद्यालय के संकाय में से ऐसी रीति से की जाएगी, जैसी विहित की जाए।

(2) शिक्षा निदेशक, शिक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता, नीतिगत मामलों और आवासीय विद्यालयों से संबंधित व्यवस्था के लिए योजना और शैक्षिक समन्वय अनुदेशन, परीक्षा और मूल्यांकन की देखरेख, पाठ्यक्रम का विकास और प्रवर्तन, शैक्षिक प्रौद्योगिकी और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विकास, संकाय का मानव संसाधन विकास, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण आदि के लिए जिम्मेदार होगा।

(3) निदेशक, अनुसंधान एवं विस्तार धारा 20 में निर्धारित विश्वविद्यालय में अनुसंधान कार्यक्रमों के निर्देशन एवं समन्वय तथा अनुसंधान केन्द्रों के कुशल संचालन के लिए उत्तरदायी होगा तथा इस अध्यादेश के धारा 21 में निर्धारित विस्तार कार्यक्रमों के लिए भी उत्तरदायी होगा।

(4) निदेशक, अनुसंधान और विस्तार वैज्ञानिक पत्रिकाओं में वार्षिक रिपोर्ट, अनुसंधान हाइलाइट्स, अनुसंधान बुलेटिन, परिपत्र और लेख प्रकाशित करने के लिए भी जिम्मेदार होंगे, जो संकायों के डीन के सहयोग से विश्वविद्यालय में किए गए कार्यों के अनुसंधान निष्कर्षों का सारांश देते हैं।

(5) निदेशक, अनुसंधान और विस्तार विश्वविद्यालय की अनुसंधान नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने में संकायों के डीन और शिक्षा निदेशक के साथ निकट परामर्श में काम करेंगे।

अन्य अधिकारी और उनके वेतनमान

18–(1) कुलाधिपति, कुलपति, संकायाध्यक्ष, वित्त नियंत्रक, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों की नियुक्ति और शक्तियां ऐसी होंगी, जैसी परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा निर्धारित की जाएंगी।

(2) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, जिनमें डीन, वित्त नियंत्रक, रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक शामिल हैं, का वेतनमान राज्य सरकार द्वारा राज्य के विश्वविद्यालयों में निर्धारित वेतनमान के अनुसार होगा।

अध्याय–पाँच

शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार

शिक्षा कार्यक्रम

19–(1) इस अध्यादेश के उपबंधों के अधीन रहते हुए, विश्वविद्यालय में शिक्षा में वानिकी, औद्यानिकी और संबद्ध विज्ञानों तथा सामाजिक विज्ञानों में स्नातक, परास्नातक और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम तथा अल्पावधि डिप्लोमा प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम शामिल होंगे।

(2) शैक्षिक कार्यक्रम राज्य एवं राष्ट्रीय नीतियों के अनुरूप होंगे।

(3) विश्वविद्यालय शिक्षकों की क्षमता निर्माण, ई–लर्निंग, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सक्षम ज्ञान साझाकरण आदि के लिए पहल करेगा तथा न्यूनतम निर्धारित आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त बुनियादी ढांचे का विकास करेगा।

(4) वानिकी और औद्यानिकी शिक्षा कार्यक्रमों का उद्देश्य सक्षम और कुशल स्नातक और स्नातकोत्तर तैयार करना होगा।

(5) वानिकी और औद्यानिकी शिक्षा के कार्यक्रमों का उद्देश्य अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से वानिकी, औद्यानिकी और जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के कौशल को उन्नत करना भी होगा।

अनुसंधान/शोध

20–(1) इस अध्यादेश और परिनियमों के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, विश्वविद्यालय वानिकी, औद्यानिकी, सामाजिक विज्ञान और संबद्ध विज्ञानों में रणनीतिक, बुनियादी और अनुप्रयुक्त अनुसंधान करेगा ।

(2) विश्वविद्यालय अपने अनुसंधान संस्थान के माध्यम से वानिकी, औद्यानिकी और अन्य संबद्ध शाखाओं में अनुसंधान क्रियाकलापों पर नियंत्रण की प्रमुख एजेंसी होगी।

(3) विश्वविद्यालय सरकार की सहमति से परिचालन अनुसंधान सहित अनुसंधान के संचालन के लिए अपने क्षेत्रीय अधिकार में विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में क्षेत्रीय/क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन एवं उपस्टेशन स्थापित कर सकता है।

विस्तार

21–(1) विश्वविद्यालय में विस्तार कार्यक्रम स्थापित किए जाएंगे और इस अध्यादेश तथा परिनियम के उपबंधों के अधीन कृषि वानिकी, उद्यान और लकड़ी आधारित उत्पादन में त्वरित वृद्धि के लिए किसानों और अन्य लोगों को शोध निष्कर्षों पर आधारित प्रौद्योगिकी का आकलन तथा परिशोधन सुनिश्चित किया जायेगा तथा प्रौद्योगिकी को अपनाने में सुविधा प्रदान कि जायेगी। इन कार्यक्रमों में विभिन्न हितधारकों के लाभ के लिए प्रदर्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना शामिल होगा। विस्तार कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों और केंद्र और राज्य की अन्य उपयुक्त एजेंसियों के साथ समन्वय किया जाएगा।

(2) विश्वविद्यालय राज्य में वानिकी और औद्यानिकी विस्तार के मॉडल विकसित करने के लिए जिम्मेदार होगा।

शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार का एकीकरण

22–(1) कुलपति विश्वविद्यालय के समुचित अधिकारियों के परामर्श से ऐसे कदम उठाने के लिए उत्तरदायी होंगे, जो विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों के पूर्ण एकीकरण के लिए आवश्यक हो सकते है।

(2) शिक्षण संवर्ग में आने वाला प्रत्येक संकाय सदस्य शैक्षणिक वर्ष में अपने समय का एक हिस्सा शिक्षण के अलावा अनुसंधान और विस्तार करने के लिए कार्य परिषद द्वारा तय किया जाएगा।

(3) इसी तरह अनुसंधान या विस्तार पर वहन किया गया प्रत्येक संकाय सदस्य एक शैक्षणिक वर्ष में अपने समय का एक हिस्सा शिक्षण और अनुसंधान करने के लिए कार्य परिषद द्वारा तय किया जा सकता है।

(4) विश्वविद्यालय राज्य की क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान और विस्तार के अपने कार्यक्रम विकसित करेगा तथा सरकार और अन्य हितधारकों को उपयुक्त तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

अध्याय–छः

विश्वविद्यालय के प्राधिकारी

विश्वविद्यालय के प्राधिकारी

23–विश्वविद्यालय के प्राधिकारी निम्नलिखित होंगेः–

(क) कार्य परिषद;

(ख) शैक्षणिक परिषद;

(ग) वित्त समिति;

(घ) संकाय बोर्ड;

(ङ) विश्वविद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए चयन समितियां;

(च) प्रवेश समिति;

(छ) परीक्षा समिति; और

(ज) ऐसे अन्य प्राधिकारी, जिन्हें परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय के प्राधिकारी घोषित किया जाए।

कार्य परिषद का गठन

24–(1) कार्य परिषद् में निम्नलिखित शामिल होंगे: –

(क) कुलपति, जो उसका अध्यक्ष होगा;

(ख) अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन या उनके द्वारा नामित अधिकारी जो सचिव स्तर से निम्न न हो;

(ग) प्रधान मुख्य वन संरक्षक/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग उत्तर प्रदेश;

(घ) सचिव/विशेष सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार;

(ङ) प्रतिकुलपति, यदि कोई हो;

(च) वित्त नियंत्रक;

(छ) कुलसचिव, जो समिति का सचिव होगा;

(ज) संकायाध्यक्ष;

(झ) छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष;

(ञ) परीक्षा नियंत्रक;

(ट) विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष के अलावा विश्वविद्यालय के एक सह–आचार्य और एक आचार्य जिनका चयन विहित तरीके से किया जाएगा।

(2) कार्य परिषद के पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(3) कोई व्यक्ति कार्य परिषद का सदस्य (पदेन सदस्य को छोड़कर) होने के लिए अयोग्य होगा यदि वह या उसका संबंधी विश्वविद्यालय या उसके संबद्ध महाविद्यालय की सेवा में है या विश्वविद्यालय में या उसके लिए किसी कार्य के लिए कोई पारिश्रमिक स्वीकार करता है या विश्वविद्यालय को माल की आपूर्ति या विश्वविद्यालय के लिए किसी कार्य के निष्पादन के लिए कोई संविदा स्वीकार करता है।

परन्तु यह कि इस उपधारा की कोई बात किसी शिक्षक द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षा के संबंध में किए गए किसी कर्तव्य के लिए या किसी हॉल और छात्रावास के अधीक्षक या वार्डन के रूप में किसी कर्तव्य के लिए या विश्वविद्यालय के संबंध में समान प्रकृति के किसी कर्तव्य के लिए किसी पारिश्रमिक को स्वीकार करने पर लागू नहीं होगी।

स्पष्टीकरण: इस उपधारा में "संबंधी" का तात्पर्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 6 में परिभाषित तथा समय–समय पर संशोधित कंपनी (परिभाषा विवरण विनिर्देश) नियम, 2014 के नियम 4 के अंतर्गत विहित संबंधों से हैः

(4) यदि कार्य परिषद का कोई सदस्य इस्तीफा दे देता है या विकृत चित हो जाता है, या दिवालिया हो जाता है या नैतिक अधमता से जुड़े किसी दाण्डिक अपराध का दोष सिद्ध पाया जाता है, तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी।

(5) कुलपति, आचार्य या संकायाध्यक्ष से भिन्न कोई अन्य सदस्य भी सदस्य नहीं रह जाएगा यदि वह विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक नियुक्ति स्वीकार करता है, या यदि वह पदेन सदस्य नहीं है, तो कुलाधिपति की अनुमति के बिना कार्य परिषद की लगातार तीन बैठकों में भाग लेने में विफल रहता है।

(6) पदेन सदस्य से भिन्न कार्यकारी परिषद का कोई भी सदस्य कुलपति को संबोधित एक पत्र द्वारा अपने पद से इस्तीफा दे सकता है और ऐसा इस्तीफा यथाशक्य शीघ्र कुलपति द्वारा स्वीकार किए जाने के पश्चात प्रभावी होगा।

(7) कार्य परिषद में कोई भी रिक्ति संबंधित नाम निर्देशन प्राधिकारी द्वारा नामांकन के माध्यम से भरी जायेगी और रिक्ति की अवधि समाप्त होने पर ऐसा नामांकन प्रभावी नहीं रहेगा।

कार्य परिषद की शक्तियां और कर्तव्य

25– (1) कार्य परिषद विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यकारी निकाय होगी और इस अध्यादेश के उपबंधों के अधीन रहते हुए, निम्नलिखित शक्तियाँ और कृत्य रखेंगी, अर्थातः–

(एक) विश्वविद्यालय की संपत्ति और निधियों को धारण और नियंत्रित करना;

(दो) विश्वविद्यालय की ओर से कोई चल या अचल संपत्ति अर्जित या अन्तरित करना;

(तीन) परिनियमावली और अध्यादेश बनाना, संशोधित करना या निरसित करना,

(चार) विशिष्ट प्रयोजनों के लिए विश्वविद्यालय के अधीन रखी गई किसी निधि को प्रशासित करना;

(पांच) विश्वविद्यालय का बजट तैयार करना;

(छह) परिनियमावली और अध्यादेश के अनुसार छात्रवृत्ति, फेलोशिप, वजीफा, पदक और अन्य पुरस्कार प्रदान करना;

(सात) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति करना तथा उनके कर्तव्यों और उनकी सेवा की शर्तों को परिभाषित करना तथा उनके पदों पर अस्थायी आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए उपबंध करना;

(आठ) परीक्षकों की फीस, परिलब्धियां तथा यात्रा एवं अन्य भत्ते निर्धारित करना;

(नौ) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध, सहयुक्त या संघटक महाविद्यालयों, हॉलों और छात्रावासों के निरीक्षण की व्यवस्था करना तथा निदेश देना;

(दस) विश्वविद्यालय की सामान्य मुद्रा के प्रपत्र और उपयोग को निदेश देना;

(ग्यारह) विश्वविद्यालय के शिक्षण, प्रशासनिक और अन्य कर्मचारिवृंद के बीच परिनियमावली और अध्यादेश के अनुसार अनुशासन को विनियमित करना और प्रवर्तित करना;

(बारह) विश्वविद्यालय के वित्त, लेखा, निवेश, संपत्ति, कारबार और अन्य सभी प्रशासनिक मामलों का प्रबंधन और विनियमन करना तथा इस प्रयोजन के लिए ऐसे अभिकर्ताओं की नियुक्ति करना जिन्हें वह उपयुक्त समझे;

(तेरह) विश्वविद्यालय की निधियां जमा करने और निकालने की व्यवस्था करना।

(चौदह) विश्वविद्यालय के कार्य संचालन के लिए आवश्यक भवन, परिसर, फर्नीचर और उपकरण तथा अन्य साधन सहित उपलब्ध कराना;

(पन्द्रह) विश्वविद्यालय की ओर से संविदा करना, उनमें परिवर्तन करना, उन्हें कार्यान्वित करना तथा उन्हें रद्द करना;

(सोलह) अध्यादेश और परिनियमावली के अनुसार विश्वविद्यालय तथा संघटक महाविद्यालयों एवं संस्थानों से संबंधित अन्य सभी मामलों को विनियमित और अवधारित करना।

(सत्रह) विभिन्न शैक्षणिक विभागों और अनुसंधान केंद्रों के कामकाज की समय–समय पर समीक्षा करना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे विश्वविद्यालय के लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुसार कार्य कर रहे हैं और सुधार के लिए, जैसा आवश्यक समझा जाए, निदेश देना।

(2) विश्वविद्यालय की कोई भी अचल संपत्ति, राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी के सिवाय, कार्य परिषद द्वारा बंधक, बिक्री, विनिमय, दान या अन्यथा रूप में (प्रबंध के सामान्य क्रम में महीने दर महीने किराये पर देने के अलावा) अन्तरित नहीं की जाएगी और न ही राज्य सरकार से विश्वविद्यालय को कोई अनुदान प्राप्त होने की शर्त के सिवाय या किसी अन्य व्यक्ति से राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी के साथ उसकी सुरक्षा पर कोई धन उधार लिया जाएगा या अग्रिम लिया जाएगा,

(3) ऐसा कोई व्यय, जिसके लिए इस अध्यादेश या परिनियमावली द्वारा राज्य सरकार का अनुमोदन अपेक्षित है, पहले से प्राप्त अनुमोदन के सिवाय नहीं किया जाएगा, और विश्वविद्यालय या किसी संस्थान में राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के सिवाय (या राज्य सरकार के किसी सामान्य या विशेष आदेश के अनुसार के सिवाय) कोई पद सृजित नहीं किया जाएगा।

(4) कार्य परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, विश्वविद्यालय के किसी शिक्षक का अधिसंख्य पद सृजित कर सकेगी, ताकि ऐसे शिक्षक को, जो वर्तमान में भारत में या विदेश में शैक्षिक प्रशासन या अन्य समरूप कार्यभार में राष्ट्रीय महत्व का कोई जिम्मेदार पद धारण किए हुए है, अपने कार्यभार की अवधि के दौरान अपने वेतनमान में वेतन वृद्धि बनाए रखने और भविष्य निधि में अंशदान करने तथा सेवानिवृत्ति लाभ अर्जित करने में सक्षम बनाया जा सके, यदि परिनियमावली के अनुसार हो:

परन्तु यह कि ऐसे शिक्षक को ऐसे कर्तव्यभार की अवधि के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई वेतन संदेय नहीं होगा।

(5) विश्वविद्यालय या किसी संस्थान के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों का वेतन और अन्य भत्ते ऐसे होंगे, जो राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किए जाए।

(6) कार्य परिषद प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उपगत वित्त समिति द्वारा निर्धारित आवर्ती व्यय की सीमा से अधिक व्यय नहीं करेगी।

(7) कार्य परिषद् शिक्षकों की संख्या, अर्हता और परिलब्धियों तथा परीक्षकों को संदेय फीस के संबंध में, विद्या परिषद् और संबंधित संकाय बोर्डों की सलाह पर विचार करने के पश्चात् ही कोई कार्रवाई करेगी।

(8) कार्य परिषद, परिनियमावली में अधिकथित किन्हीं शर्तों के अधीन रहते हुए, अपनी ऐसी शक्तियां, जिन्हें वह उपयुक्त समझे, विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या किसी अन्य प्राधिकारी को या उसके द्वारा नियुक्त किसी समिति को प्रत्यायोजित कर सकेगी।

(9) कार्य परिषद की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता कुलपति द्वारा की जाएगी । किसी भी बैठक में कार्य परिषद के एक तिहाई सदस्यों से गणपूर्ति पूरी होगी।

(10) कार्य परिषद के सभी विनिश्चय बैठक में उपस्थित सदस्यों के बहुमत की राय के आधार पर लिये जायेंगे। कार्य परिषद के प्रत्येक सदस्य के पास एक मत होगा और यदि मत बराबर होते हैं, तो कार्य परिषद के अध्यक्ष या, जैसा भी मामला हो, उस बैठक की अध्यक्षता करने वाले सदस्य के पास इसके अतिरिक्त एक निर्णायक मत होगा।

(11) यदि कार्य परिषद द्वारा तत्काल कार्यवाही आवश्यक हो जाती है, तो कुलपति कार्यकारी परिषद के सदस्यों को कागजात वितरित करके कारबार के संचालन की अनुमति दे सकता हैं। इस प्रकार की जाने वाली प्रस्तावित कार्यवाही तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि कार्य परिषद के सदस्यों के बहुमत से सहमति न हो। इस प्रकार की गई कार्यवाही की सूचना तुरंत कार्य परिषद के सभी सदस्यों को दी जाएगी। यदि संबंधित प्राधिकारी विनिश्चय करने में विफल रहता है, तो मामला कुलाधिपति को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसका विनिश्चय अंतिम होगा।

विद्या परिषद

26–(1) विद्या परिषद विश्वविद्यालय की प्रमुख अकादमिक निकाय होगी और इस अध्यादेश और परिनियावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए अध्ययन के सभी पाठ्यक्रमों को विहित करने और पाठ्यक्रम औधारित करने की शक्ति रखेगी, और विश्वविद्यालय के भीतर शिक्षण और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों पर नियंत्रण रखेगी।

(2) विद्या परिषद् में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात:–

(एक) कुलपति;

(दो) संकायाध्क्ष;

(तीन) विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष;

(चार) परीक्षा नियंत्रक;

(पांच) विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय से दो आचार्य, दो सह आचार्य और दो सहायक आचार्य, (विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों सहित) जो कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाएंगे;

(छ:) वन एवं वन्य जीव विभाग, उत्तर प्रदेश का मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं मुख्य वन संरक्षक, प्रशिक्षण;

(सात) शैक्षणिक ख्याति के पाँच व्यक्ति जो कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाएंगे।

विद्या परिषद की शक्तियाँ एवं कार्य

(3) विद्या परिषद विश्वविद्यालय में दी जाने वाली या संचालित शिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान के मानकों के अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार होगा।

(4) इसके पास अपने नियंत्रण के अध्यधीन सभी शैक्षणिक मामलों से संबंधित, जैसा भी मामला हो, इस अध्यादेश और परिनियमावली एवं अध्यादेशों के अनुरूप विनियम बनाने और ऐसे विनियमों को संशोधित या निरसित करने की शक्ति होगी।

(5) विशेष रूप से, पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, विद्या परिषद के पास निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगेः–

(एक) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं से संबंधित मामलों सहित सभी शैक्षणिक मामलों पर कार्यकारी परिषद और कुलपति को सलाह देना;

(दो) अनुसंधान और विस्तार एवं शिक्षा में पदों सहित आचार्य, सह–आचार्य, सहायक आचार्य और अन्य शिक्षण पदों की संस्थापना के लिए सिफारिशें करना;

(तीन) संकाय, महाविद्यालय, शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा विभाग की स्थापना या समामेलन या समाप्ति के लिए सिफारिशें करना;

(चार) विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश के संबंध में विनियम बनाना और प्रवेश दिए जाने वाले छात्रों की संख्या निर्धारित करना;

(पांच) उपाधि, डिप्लोमा और प्रमाण-पत्रों के लिए अध्ययन के पाठ्यक्रमों से संबंधित विनियम बनाना;

(छः) परीक्षाओं के संचालन से संबंधित विनियम बनाना और शिक्षा के मानकों को बनाए रखना और सुधारना;

(सात) मानद उपाधि प्रदान करने के संबंध में कार्य परिषद को सिफारिशें करना;

(आठ) विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए विहित अर्हताओं के संबंध में सिफारिशें करना;

(नौ) विश्वविद्यालय के भीतर अनुसंधान को बढ़ावा देना और समय–समय पर ऐसे अनुसंधान पर रिपोर्ट मांगना;

(दस) फेलोशिप, छात्रवृत्ति और अन्य पुरस्कारों के लिए प्रतियोगिता का समय, मोड और शर्तें तय करना और उन्हें पुरस्कार देने के लिए सिफारिश करना;

(ग्यारह) अध्ययन के विहित पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम को मंजूरी देना और विहित या अनुशंसित पाठ्य पुस्तकों की सूचियों को मंजूरी या संशोधित करना और उन्हें प्रकाशित करना।

(6) विद्या परिषद् की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता कुलपति द्वारा की जायेगी। किसी भी बैठक में विद्या परिषद के एक तिहाई सदस्यों से गणपूर्ति पूरा होगा।

(7) विद्या परिषद् के सभी विनिश्चय बैठक में उपस्थित सदस्यों के बहुमत की राय के आधार पर लिये जायेंगे। परिषद के प्रत्येक सदस्य के पास एक मत होगा और यदि मत बराबर हों तो विद्या परिषद के अध्यक्ष के पास इसके अलावा एक निर्णायक मत भी होगा।

(8) यदि विद्या परिषद द्वारा तत्काल कार्यवाही आवश्यक हो जाती है, तो विद्या परिषद के अध्यक्ष विद्या परिषद के सदस्यों को कागजात प्रसारित करके कारबार की अनुमति दे सकते हैं। प्रस्तावित कार्यवाही तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि विद्या परिषद के सदस्यों के बहुमत से सहमति न हो। इस प्रकार की गई कार्यवाही की सूचना तुरंत विद्या परिषद के सभी सदस्यों को दी जाएगी। यदि संबंधित प्राधिकारी विनिश्चय लेने में विफल रहता है, तो मामला कुलाधिपति को भेजा जाएगा, जिसका विनिश्चय अंतिम होगा।

(9) पदेन सदस्यों के अलावा विद्या परिषद के नाम निर्दिष्ट सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

वित्त समिति

27–(1) वित्त समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे–

(क) कुलपति, जो उसका अध्यक्ष होगा;

(ख) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पर्यावरण एवं वन विभाग, राज्य सरकार या उनके द्वारा नामित अधिकारी जो सचिव से निम्न न हो;

(ग) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, राज्य सरकार या उनके द्वारा नामित अधिकारी जो सचिव से निम्न न हो;

(घ) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य सरकार या उनके द्वारा नामित अधिकारी जो सचिव से निम्न न हो;

(ङ) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग, राज्य सरकार या उनके द्वारा नामित अधिकारी जो सचिव से निम्न न हो;

(च) प्रतिकुलपति, यदि कोई हो;

(छ) डीन;

(ज) कुलसचिव;

(झ) परीक्षा नियंत्रक; और

(ञ) वित्त नियंत्रक, जो समिति का सचिव भी होगा।

वित्त समिति के कार्य एवं कर्तव्य

(2) वित्त समिति के कार्य और कर्तव्य इस प्रकार होंगे:–

(एक) विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट की जांच और जांच करना और कार्य परिषद को वित्तीय मामलों पर सिफारिशें करना;

(दो) नए व्यय के प्रस्तावों पर विचार करना और कार्य परिषद को सिफारिशें करना। ग्रेड में संशोधन, वेतनमान के उन्नयन और उन मदों से संबंधित सभी प्रस्ताव जो बजट में शामिल नहीं हैं, उन पर कार्य परिषद द्वारा विचार करने से पहले वित्त समिति द्वारा जांच की जाएगी;

(तीन) वित्त नियंत्रक द्वारा तैयार किए गए विश्वविद्यालय के वार्षिक खातों और वित्तीय अनुमानों पर विचार करना और अनुमोदन के लिए वित्त समिति के समक्ष रखना और उसके बाद कार्य परिषद को प्रस्तुत करना;

(चार) आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कुल आवर्ती और गैर-आवर्ती व्यय की सीमाएं तय करना और, किसी विशेष कारण से, वित्तीय वर्ष के दौरान निर्धारित व्यय की सीमाओं को संशोधित करना और इस प्रकार तय की गई सीमाएं कार्य परिषद के लिए बाध्यकारी होंगी।

(पांच) वित्त समिति विश्वविद्यालय की संपत्ति और निधियों के प्रशासन से संबंधित मामलों पर कार्य परिषद को अपने विचार और सलाह देगी।

(3) जब तक वित्त समिति द्वारा वित्तीय निहितार्थ वाले प्रस्ताव की सिफारिश नहीं की जाती है, तब तक कार्य परिषद उस पर निर्णय नहीं लेगी, और यदि कार्य परिषद वित्त समिति की सिफारिश से असहमत है, तो वह असहमति के कारणों के साथ प्रस्ताव को वित्त समिति को वापस भेज देगी और यदि कार्य परिषद फिर से वित्त समिति की सिफारिश से असहमत है, तो मामला कुलाधिपति को भेजा जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

(4) वित्त समिति की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता कुलपति द्वारा की जायेगी। किसी भी बैठक में वित्त समिति के एक तिहाई सदस्यों से कोरम पूरा होगा।

(5) वित्त समिति को ऐसी अन्य शक्तियां और कर्तव्य प्राप्त होंगे जो उसे इस अध्यादेश या इसके अधीन बनाए गए परिनियमों द्वारा प्रदान किए जाएं।

संकाय और विभागाध्यक्ष

28 (1) विश्वविद्यालय में वानिकी, औद्यानिकी तथा अन्य ऐसे संकाय होंगे, जो विहित किए जाएं।

(2) प्रत्येक संकाय में ऐसे शिक्षण विभाग शामिल होंगे, जैसा कि विहित किया जा सकेगा और प्रत्येक विभाग में अध्ययन के विषय होंगे, जो अध्यादेशों और परिनियमों द्वारा उसे सौंपे जाएंगे।

(3) प्रत्येक संकाय का एक बोर्ड होगा, जिसका गठन (जिसके अंतर्गत उसके सदस्यों का कार्यकाल भी है), शक्तियां और कर्तव्य ऐसे होंगे, जैसा विहित किया जाए।

(4) संकाय का डीन संबंधित संकाय के बोर्ड का अध्यक्ष होगा और इसके लिए जिम्मेदार होगा:

(क) संकाय में सम्मिलित विभागो के शिक्षण और अनुसंधान कार्य का संगठन और संचालन; और

(ख) संकाय से संबंधित विधियों, अध्यादेशों और विनियमों का समुचित पालन;

(5) विश्वविद्यालय के प्रत्येक अध्यापन विभाग में एक विभागाध्यक्ष होगा जिसकी नियुक्ति परिनियमों द्वारा विनियमित होगी;

(6) विभागाध्यक्ष, विभाग में अध्यापन के संगठन के लिए संकायाध्यक्ष के प्रति उत्तरदायी होगा तथा उसके पास ऐसी अन्य शक्तियां और कर्तव्य होंगे, जैसा कि अध्यादेशों या परिनियमों में उपबंधित किया जा सकेगा।

(7) अध्यादेशों या परिनियमों के उपबंधों के अनुसार विभिन्न अध्ययन विषयों के संबंध में अध्ययन बोर्ड गठित किए जाएंगे और एक अध्ययन बोर्ड को एक से अधिक विषय सौंपे जा सकेंगे।

प्रवेश समिति

29 (1) विश्वविद्यालय की एक प्रवेश समिति होगी, जिसका गठन बाद के अध्यादेशों या परिनियमों में उपबंधित अनुसार किया जाएगा।

